तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 28 अक्टूबर 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4 आवागमन के लिए आठ माह से इंतजार कर रहे 20 गांवों के लोग



खबर संक्षेप

केनापारा तेलईकछार में लोक गायिका का छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

बिश्रामपुर। शारदीय नवरात्र के अवसर पर ग्राम तेलईकछार केनापारा में छत्तीसगढ़ सुप्रसिद्ध लोक गायिका आरु साहू का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आज 28 अक्तूबर बुधवार को श्री समलेश्वरी महामाया मंदिर प्रांगण केनापारा में किया जाएगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े उपस्थित रहेंगी। विशिष्ट अतिथि सरगुजा सांसद चिंतामणि महराज होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच अहिल्या देवी करेंगी।

जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक 28 को

अम्बिकापुर। अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 तथा नियम, 2007 (यथा संशोधित नियम, 2012) के अंतर्गत जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक 28 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे आयोजित की जाएगी।

सामुदायिक वन संसाधन निगरानी समिति की बैठक 30 को

बलरामपुर। कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सामुदायिक वन संसाधन निगरानी समिति की बैठक 30 अक्टूबर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष आयोजित की जाएगी। जिसमें समिति के सदस्य व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

बाइक चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार, दो बाइक बरामद

बलरामपुर। बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही चोरी की दो बाइक बरामद की है। पुलिस के अनुसार 12 सितंबर की रात इंडेन गैस गोदाम के पास से रॉयल एनफील्ड बुलेट बाइक 26 सितंबर को जिला अस्पताल से होंडा शाईन मोटरसाइकिल की शिकायत की गई थी। मामले में पुलिस द्वारा जांच के आधार पर राजपुर धंधापुर हाल मुकाम अंबिकापुर नमनाकला निवासी 26 वर्षीय सुशील शांडिल्य आ. साघवन शांडिल्य को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी से रायल एनफील्ड बुलेट मोटरसाइकिल एवं होंडा शाईन को बरामद कर जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

अलग अलग सड़क दुर्घटना में दो लोगों की गई जान

अम्बिकापुर। अलग-अलग सड़क दुर्घटना में गंभीर हुए दो लोगों की मौत हो गई। दोनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार विश्रामपुर थाना अंतर्गत ग्राम केशवनगर निवासी जेठू राम आ. स्व. मनबोध रवि (78 वर्ष) गत दिन मोपेट से किराना सामान लेने विश्रामपुर जा रहा था। जैसे ही वृद्ध अम्बेडकर चौक के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे कार क्रमांक सीजी 10 बीजे 3867 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। परिजन वृद्ध को सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्ध की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। दूसरी घटना में पस्ता थाना अंतर्गत ग्राम सरगड़ी निवासी पूरन राम आ. पतु राम (36 वर्ष) 23 अक्टूबर को सास दशमतिया बाई को लेकर खाता खुलवाने प्रतापपुर बैंक गया था। बैंक में खाता खुलवाने के बाद सास को दूसरे वाहन से भेज कर अकेले बाइक से घर आने लगा। जैसे ही बाइक सवार मायापुर चंदौरा के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

चक्रवाती तूफान के प्रभाव से बढ़ा बादलों का घनत्व, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चक्रवाती तूफान अर्णव का सरगुजा में व्यापक प्रभाव पड़ने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विभाग ने 27 अक्टूबर को सरगुजा में तूफान के पहुंचने एवं 30 अक्टूबर तक प्रभावी रहने की संभावना जताई जा रही है। तूफान के प्रभाव से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार की हवाएं चलने एवं कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना जताई जा रही है।

चक्रवाती तूफान के प्रभाव से सोमवार एवं मंगलवार को पूरे दिन तेज हवाएं चली। मंगलवार को आसमान पर पूरे दिन घने बादल छाए रहे। बुधवार को बादलों का घनत्व और अधिक बढ़ने एवं गुरूवार से मौसम के प्रभावित होने एवं तेज रफ्तार हवाएं चलने की संभावना है। मौसम अधिकारियों के अनुसार गुरूवार को चक्रवाती तूफान अर्णव सरगुजा-कोरिया जिले के रास्ते सरगुजा संभाग में प्रवेश करेगा तथा सरगुजा के विभिन्न क्षेत्रों में छाने के साथ ही मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश एवं झारखण्ड की ओर बढ़ेगा। मौसम अधिकारी चक्रवाती तूफान के पश्चिम-उत्तर छत्तीसगढ़ के रास्ते आगे बढ़ने की संभावना है। मौसम अधिकारी इस दौरान 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार की हवाएं चलने एवं कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। चक्रवाती तूफान अर्णव को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। जिला प्रशासन द्वारा तूफान के प्रभाव से होने वाली अतिवृष्टि जलभराव एवं बाढ़ के नियंत्रण के लिए संबंधित सुरक्षा दलों को 24 घंटे अलर्ट रहने का निर्देश दिया है। तूफान के प्रभाव से चलने वाली तेज हवा से विद्युत लाइन एवं विद्युत उपकरणों के क्षति पहुंचने एवं विद्युत आपूर्ति प्रभावित होने की संभावना पर विद्युत वितरण कंपनी ने भी कंट्रोल रूम गठित कर 24 घंटे अधिकारियों को तैनात किया है। हालांकि मौसम अधिकारी चक्रवाती तूफान के प्रभाव से कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश होने जबकि अन्य क्षेत्रों में सामान्य वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। तूफान के प्रभाव से कोरिया जिला एवं आसपास के क्षेत्रों में तेज हवा के साथ भारी वर्षा होने की संभावना है। वाड्रफनगर एवं आसपास के क्षेत्रों में भी तूफान का व्यापक प्रभाव पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

बुधवार को पहुंचेगा तूफान, तेज हवा के साथ कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना

धान की फसल को हो सकता है नुकसान

वर्तमान में धान की फसल पककर तैयार हो गई है। किसान धान की कटाई कर रहे हैं। विलम्ब से रोपी गई फसल के एक सप्ताह में तैयार होने का अनुमान है। चक्रवाती तूफान अर्णव के प्रभाव से बारिश होने पर खेत-खलिहानों में रखी गई फसल के भींगने पर फसल की गुणवत्ता प्रभावित होने की संभावना से किसानों की चिंता बढ़ गई है। लगातार तीन दिनों तक बारिश होने से धान के दानों में अंकुरण होने का भी संभावना है। तेज हवा के प्रभाव से धान की खड़ी फसल के लेटने का खतरा बढ़ गया है। तेज रफ्तार हवा चलने पर धान की फसल को भारी नुकसान होने की संभावना ने किसानों को चिंता में डाल दिया है। तूफान के प्रभाव से सब्जी वर्गीय फसलों को भी नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को विशेष सावधानी बरतने एवं फसलों पर दवा का छिड़काव नहीं करने की सलाह दी है।



पेड़ों से भी खतरा

तेज रफ्तार हवाएं चलने से पेड़ों के उखड़ने एवं डालों के टूटने की संभावना को देखते हुए विशेषज्ञों से आगमन के दौरान विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। तेज हवा चलने पर विद्युत तारों के टूटने एवं पोल उखड़ने की भी संभावना जताई जा रही है। इस दौरान विद्युत आपूर्ति बाधित होने की भी संभावना जताई जा रही है। स्थिति को देखते हुए कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को सचेत रहने के निर्देश दिए हैं।

हवाई सेवा शुरू होने के पहले दिन 19 ने की यात्रा

सरगुजा से राजधानी रायपुर और हैदराबाद के लिए लोगों ने भरी उड़ान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अब राजधानी और उसके आगे देश दुनिया का सफर संभाग वासियों के लिए आसान होगा। मंगलवार से सरगुजा से रायपुर के लिए सीधे हवाई सेवा की शुरुआत हो गई। रायपुर के लिए एलाइंस एयर कंपनी की 72 सीटर विमान ने उड़ान भरी। इस दौरान पहले दिन प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव समेत 19 लोगों ने राजधानी तक का सफर किया जबकि 5 लोग रायपुर से अंबिकापुर आए। हालांकि उड़ान सेवा के पहले दिन ही एयरपोर्ट पर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। तय समय से 5 मिनट पहले विमान उड़ने और पांच यात्रियों के छूट जाने को लेकर हंगामा हुआ। यात्रियों ने अपनी नाराजगी जाहिर की जबकि उड़ान सेवा का शुभारंभ करने पहुंचे सरगुजा सांसद ने भी कड़ी आपत्ति दर्ज कराने के साथ ही कंपनी के लोगों को जमकर फटकार लगाई।

बता दें कि मंगलवार से सरगुजा में रायपुर और हैदराबाद के लिए उड़ान सुविधा की शुरुआत हुई। एलाइंस एयर कंपनी की 72 सीटर विमान हैदराबाद से जगदलपुर और फिर रायपुर होते हुए अंबिकापुर दरिमा स्थित मां महामाया एयरपोर्ट पहुंची। पहले दिन रायपुर से विधायक प्रबोध मिंज समेत पांच यात्री पहुंचे जबकि अंबिकापुर से रायपुर के लिए पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव समेत 19 यात्रियों ने उड़ान भरी। बड़ी बात यह है कि अंबिकापुर से रायपुर का किराया 21 सौ रूपए निर्धारित किया गया है जबकि टैक्स के साथ यह किराया लगभग 24 सौ रूपए है। सस्ते दाम पर हवाई सफर की सुविधा मिलने से लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। बड़ी बात यह है कि लोगों द्वारा लम्बे समय से रायपुर तक हवाई सेवा की मांग की जा रही थी जो अब पूर्ण हुई है। वर्तमान में लोगों को अंबिकापुर से दिल्ली की सुविधा मिल रही है। एलाइंस एयर कंपनी द्वारा विमान का संचालन किया जा रहा है और नए शेड्यूल के तहत विमान अब दिल्ली से बिलासपुर होते हुए अंबिकापुर आएगी लेकिन वापसी में विमान अंबिकापुर से सीधे दिल्ली के लिए उड़ान भरेगी। रायपुर और हैदराबाद के लिए उड़ान सुविधा शुरू होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है। रायपुर और हैदराबाद के लिए विमान सुविधा सप्ताह में मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को उपलब्ध रहेगी। वहीं प्रबंधन के अनुसार फिलहाल लोगों को रायपुर और हैदराबाद के लिए दो अलग अलग टिकट खरीदने पड़ेंगे। इसके साथ ही एयरपोर्ट पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सेवा शुरू होने पर सभी ने केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार का आभार जताया। कार्यक्रम में सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक प्रबोध मिंज, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, पार्षद आलोक दुबे, विनोद हर्ष समेत अन्य नेता मौजूद थे।

खास बात

- 5 एयरपोर्ट पहुंचकर छूटे





एयरपोर्ट पर हवाई सेवा का शुभारंभ करते सांसद।

सांसद ने जताई नाराजगी, कहा तरीके से करें संचालन

हवाई सेवा के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सांसद चिंतामणि महाराज भी दरिमा एयरपोर्ट पहुंचे थे। सांसद जब तक एयरपोर्ट पहुंचे तब तक प्लेन रनवे पर आ चुका था और टेकऑफ की तैयारी में था। ऐसे में वे यात्रियों से मिल नहीं पाए और ना ही प्लेन को हरीझंडी दिखा पाए। वहीं जब वे टर्मिनल से बाहर निकले तो प्लेन छूटने से नाराज यात्रियों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई जिसके बाद सांसद ने एलाइंस एयर कंपनी के कर्मचारियों को बुलाकर मामले की जानकारी लेने के साथ ही जमकर फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि कंपनी सरगुजा में तरीके से हवाई सेवा का संचालन करे अन्यथा यहां से जा सकती है। सांसद का कहना था कि जब विमान उड़ने का समय निर्धारित था तो फिर समय से पहले कैसे विमान उड़ाया गया। पहले दिन को समय में थोड़ा परिवर्तन हो सकता था। इस दौरान कंपनी के लोगों ने बताया कि यात्रियों को चेक इन के लिए एयरपोर्ट पर दो घंटे पहले पहुँचने का नियम है फिर भी 1.29 बजे तक यात्रियों की एंट्री की गई है। कंपनी के अनुसार विमान 1.25 बजे रायपुर से आकर लैंड कर गया था इसलिए निर्धारित समय पर 1.56 बजे विमान ने उड़ान भरी और 2.05 बजे प्लेन टेक ऑफ कर चुका था। कम्पनी का कहना है कि सभी को निर्धारित समय पर एयरपोर्ट आना पड़ता है ताकि सामानों की जांच के साथ ही अन्य प्रक्रियाओं को पूर्ण किया जा सके। हालांकि बाद में सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि दोनों तरफ से गलतियां हुई फिर भी कंपनी को थोडा समझौता करना था। इसे लेकर कंपनी के मालिक से बात की जाएगी।

देर से पहुंचे यात्री, छूट गया विमान

रायपुर तक हवाई सेवा के पहले दिन ही एयरपोर्ट पर विवाद की स्थिति देखने को मिली। पहले दिन पांच यात्री छूट गये। ऐसा इस लिए क्यों कि विमान को 2.05 बजे उड़ान भरनी थी लेकिन समय से पांच मिनट पहले ही प्लेन रनवे पर आ गई। इनमें से एक ही परिवार के चार सदस्य थे जो रायपुर में इलाज के लिए जा रहे थे। यात्रियों का कहना था कि वे 1.30 बजे एयरपोर्ट के टिकट काउंटर पर पहुंच गए थे लेकिन अन्दर कोई नहीं था और बाद में उन्हें प्रक्रियाओं में उलझा दिया गया। उन्हें अन्दर जाने नहीं दिया गया। इससे उन्हें खासी परेशानियों का भी सामना करना पड़ा। यात्रियों का कहना था कि कंपनी के लोग काउंटर पर नियमित रूप से नहीं बैठते।

सभी ने मिलकर की पहल : सिंहदेव

हवाई सेवा की शुरुआत के अवसर पर यात्री बनकर पहुंचे प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है। काई सालों से मन में था कि सरगुजा से रायपुर तक विमान चले। लोगों ने मिलकर पहल की और अन्तत आज फलीभूत हो रहा है। अब रायपुर पहुँचने के बाद देशभर के लिए लोग यात्रा कर सकते है। इसकी बेहद आवश्यकता थी। नागरिकों से अपील है कि वे इसका उपयोग करे तभी सुविधा बनी रहेगी। एयर लाइन भी किराया में वृद्धि ना करें।

निधन के बाद 2 घंटे में की नेत्र उत्तक प्राप्त करने की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्व.ओमप्रकाश अग्रवाल के निधन पश्चात उनके पुत्र कृष्ण कुमार अग्रवाल एवं परिवारजन ने नेत्रदान का निर्णय लेकर मानवता और परोपकार का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह निर्णय कॉर्निया संबंधी दृष्टिहीनता से प्रभावित जरूरतमंद व्यक्तियों के जीवन में उजाला लाने की आशा बना है।

श्री अग्रवाल का निधन रविवार को रात्रि 9:45 बजे हुआ। परिजन के सहयोग एवं नेत्रदान दल की तत्परता से रात्रि लगभग 11.38 बजे नेत्र ऊतक प्राप्त करने की प्रक्रिया पूरी की गई। डॉ.अभिजीत जैन के नेतृत्व में डॉ.अभिषेक, डॉ.कंचन तथा नेत्र सहायक अधिकारी एवं सहायक नेत्रदान अधिकारी रमेश घृतकर 2 घंटे में प्रक्रिया संपन्न की। नेत्र ऊतको को सिम्स, बिलासपुर पहुंचाने के कार्य में श्री जयप्रकाश विश्वकर्मा ने सहयोग किया। राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.अविनाश मेश्राम, सिविल सर्जन डॉ.जेके रेलवानी तथा नोडल अधिकारी डॉ.रजत टोप्पो टीम का मार्गदर्शन करते रहे। नेत्रदान मृत्यु के बाद किया जाता है। इसके लिए निधन के 6 घंटे के भीतर नेत्र ऊतक प्राप्त किए जाते हैं जीवनकाल में संकल्प-पत्र नहीं भरा गया हो, तब भी परिजन की लिखित सहमति से नेत्रदान किया जा सकता है।



- दृष्टिहीनता प्रभावित व्यक्तियों के जीवन में उजाला लाने की जगी उम्मीद



चाकू की नोक पर महिला फारेस्ट गार्ड से ढाई लाख की लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना

देर रात घर में दाखिल हुए नकाबपोश लोगों ने न सिर्फ महिला फारेस्ट गार्ड व उसकी बच्ची के गर्दन पर चाकू अड़ा दिया बल्कि बल पूर्वक लगभग ढाई लाख रुपये लूट कर फरार हो गए। पीड़ित फारेस्ट गार्ड महिला ने घटना की शिकायत भटगांव पुलिस से की है।

जानकारी के अनुसार सलका अधिना के वन विभाग परिसर निवासी महिला फारेस्ट गार्ड बलिता मीन कई वर्षों से शिक्षक पति राधे श्याम व बच्ची के साथ विभाग के भवन में निवासरत हैं। बीती रात दंपति खाना पीना खा कर रात में सो गए। देर रात में अचानक चार नकाबपोश ने घर के मुख्य शटर वाले दरवाजे को डंडा घुसा कर चाबी को निकाला और आराम से घर में प्रवेश किया। रात लगभग 1 से 2 बजे के बीच घर में दाखिल हुए और महिला फारेस्ट गार्ड व उसकी छोटी बच्ची पर चाकू अड़ाकर धमकी देते हुए पैसे की मांग की साथ ही दंपति के साथ हाथापाई भी की। डर से दंपती द्वारा अलमारी से लगभग ढाई लाख निकाल कर दे दिया गया। रूपए मिलते ही नकाबपोश जाते-जाते दंपति को घर में बंद कर फरार हो गए। इधर घटना की जानकारी लगते ही लोगों ने तत्काल भटगांव पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस हरकत में आ गई और रात में ही मौके पर पहुंचकर वस्तु स्थिति का मुआयना किया। सुबह डॉग स्क्वायड और साइबर सेल की मदद से तफ्तीश की जा रही है। बताया जा रहा है कि लूटपाट में चार नकाबपोश शामिल थे जिसमें 2 पुरुष और 2 महिलाओं की होने की बात सामने आ रही है। दंपति ने बताया कि चार में दो महिला पूरी तरह से अपना स्कार्फ बांधे हुए थे। बहरहाल घटना की शिकायत पर पुलिस ने लूट की घटना को अंजाम देने वाले नकाबपोश की तलाश शुरू कर दी है।

- नकाबपोशों ने महिला व उसकी बच्ची के गर्दन पर चाकू अड़ा कर दिया घटना को अंजाम

अपहरण और मारपीट के मामले में 5 विधि से संघर्षरत बालक गिरफ्तार

अंबिकापुर। बाइकर गैंग द्वारा अपहरण कर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मारपीट का वीडियो वायरल होने व शिकायत के बाद 5 नाबालिगों को पकड़ने के साथ ही एक बुलेट बाइक बरामद किया है। बता दें कि पिछले दिनों एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा था जिसमें कुछ बाइकर्स गैंग के लोग एक नाबालिग के साथ मारपीट करते नजर आ रहे थे। इस दौरान यह बात सामने आई कि सड़क पर तेज रफ्तार से वाहन चलाने और स्टंट बाजी करने से मना करने पर अपचारी बालकों का गैंग नाबालिग का अपहरण कर उसे नमनाकला पॉलिटेक्निक कॉलेज ग्राउंड ले गया और वहां उसके स्थ मारपीट की गई। मारपीट के दौरान वीडियो भी बनाया गया। वहीं जब नाबालिग के साथी उसे बचाने के लिए पहुंचे तो उनके साथ ही मारपीट की गई। इस मामले में एसएसपी राजेश अग्रवाल के कार्रवाई के निर्देश दिए थे। मामले में थाना गांधीनगर में बीएनएस की धारा 137(2), 138, 191 (2), 126, 296, 351(3), 115(2) के तहत अपराध दर्ज करने के साथ ही 5 विधि से संघर्षरत बालकों को गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त बुलेट बाइक को जब्त किया है।

जिला स्तरीय युवा उत्सव में संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन का दिया गया संदेश

संस्कृति हमारी पहचान, इसे संरक्षित करना युवाओं की जिम्मेदारी: सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग सरगुजा के संयुक्त तत्वावधान में पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम हॉल में जिला स्तरीय युवा उत्सव-2026 का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद चिंतामणि महाराज एवं महापौर श्रीमती मंजूषा भगत उपस्थित रहे। इस युवा उत्सव में लोक नृत्य, लोक गीत, कविता लेखन, नुक्कड़ नाटक, रॉक बैंड (राज्य स्तरीय), विकसित भारत चैलेंज ट्रैक, क्रिएटिव यूथ रील चैलेंज, पारंपरिक वेशभूषा एवं चित्रकला जैसी विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिता का किया जाएगा। उत्सव में युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ ही लोक संस्कृति, परंपराओं और जनजातीय विरासत को संरक्षित एवं संवर्धित करने का अवसर प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के सभी विकासखण्डों से युवा प्रतिभागी शामिल हुए हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री चिंतामणि महाराज ने कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है और सभ्यता एवं सांस्कृतिक परंपराओं को संजोकर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। वर्तमान समय में सांस्कृतिक मूल्यों और पारंपरिक नृत्य-संगीत की मूल भावना में बदलाव देखने को मिल रहा है। ऐसे में अपनी सांस्कृतिक विरासत को बचाने के साथ उसे प्रोत्साहित करना भी आवश्यक है। महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने कहा कि ऐसे आयोजनों से सरगुजा की समृद्ध संस्कृति को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने जनजातीय संस्कृति एवं परंपराओं को आगे बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि युवाओं को अपनी जनजातीय विरासत को संजोने और उसे अगली पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में कलेक्टर अजीत वसंत ने युवा उत्सव को लेकर जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, शशिकांत जायसवाल, पीजी कॉलेज के प्राचार्य अनिल सिन्हा, श्रीमती प्रियंका चौबे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, युवा प्रतिभागी एवं उपस्थित नागरिक शामिल हुए।



कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर तीन लोगों की मौत

अम्बिकापुर। कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए तीन लोगों की मौत हो गई। दो लोगों को निजी अस्पताल में जबकि एक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम तपकरा अंतर्गत पोटली निवासी मार्टिन तिर्की आ. बुधु तिर्की (52 वर्ष) शराब पीने का आदी था। 20 अक्टूबर दशहरा के दिन गांव में करमा खेल कर तड़के घर आया और उल्टी करने लगा। कीटनाशक का गंध आने पर परिजन उसके तपकरा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन ग्रामीण को मिशन अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना में जशपुर अंतर्गत ग्राम सरईबेली निवासी राज किशोर यादव आ. अर्जुन यादव (19 वर्ष) 19 अक्टूबर को नाटक देखने गया था। दूसरे दिन घर आया और शाम को फुटबॉल मैच देखने चला गया। रात में घर आने पर उल्टी करने लगा। दूसरे दिन परिजन युवक को दवा खिलाया लेकिन उल्टी बंद नहीं हुआ इसी बीच पता चला कि युवक ने कीटनाशक पी लिया है। परिजन उसे 22 अक्टूबर को पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। परिजन युवक को शहर के मिशन अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। वहीं एक अन्य घटना में मफोली निवासी भुनेश्वर पैकरा आ. बेनी राम (77 वर्ष) 27 अक्टूर को अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। परिजन वृद्ध को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने सभी मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनीं समस्याएं

मनेन्द्रगढ़। कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं, शिकायतें एवं मांगें गंभीरतापूर्वक सुनीं। इस दौरान नागरिकों ने भूमि विवाद, आर्थिक सहायता, दिव्यांगजनों के लिए ट्राईसाइकिल, शासकीय नियुक्ति, ऋण स्वीकृति, निर्माण कार्य, धान खरीदी केंद्र परिवर्तन, नामांतरण, सीमांकन एवं पेयजल सुविधाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए।

बेमौसम बारिश की आशंका से किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बंगाल की खाड़ी में बन रहे चक्रवाती प्रभाव के चलते मौसम विभाग ने 28 और 29 अक्टूबर को बारिश की चेतावनी जारी की है। इसके एक दिन पहले ही कोरिया जिले में मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह से आसमान में बादल छाए रहे और दिन में हल्की ठंड का अहसास होता रहा।

मंगलवार को जिले में अधिकतम तापमान 27 और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, उत्तरी छत्तीसगढ़ में भी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। ऐसे में धान की फसल पककर कटाई के लिए तैयार होने के बीच किसानों की चिंता बढ़ गई है। वर्तमान में जिले के अधिकांश खेतों में धान की फसल पककर तैयार है, लेकिन कटाई का काम अभी पूरी तरह शुरू नहीं हो पाया है। ऐसे में एक-दो दिन बारिश होने से खेतों में खड़ी फसल को



अपेक्षाकृत कम नुकसान होने की संभावना है। हालांकि, जिन किसानों ने धान की कटाई कर फसल को खेतों में ही छोड़ दिया है, उनके लिए बारिश परेशानी बढ़ा सकती है। नमी के कारण कटी हुई धान की गुणवत्ता प्रभावित होने के साथ ही उसके खराब होने की आशंका भी है। इसे देखते हुए किसान जल्द से जल्द कटी हुई फसल का उठाव कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में जुटे हैं। वहीं, खलिहानों में रखी धान की फसल को बारिश से बचाने के लिए उसे ढकने की व्यवस्था की जा रही है।

प्रशासन अलर्ट: भारतीय मौसम विज्ञान विभाग रायपुर से प्राप्त मौसम संबंधी चेतावनी के मद्देनजर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े के निर्देशानुसार जिला एमसीबी में संभावित चक्रवाती तूफान अर्नब एवं भारी वर्षा से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन की व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। बंगाल की खाड़ी के पूर्व-मध्य एवं दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में बने अवदाब के चक्रवाती तूफान में परिवर्तित होने की संभावना को देखते हुए 28 से 29 अक्टूबर के दौरान प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में भारी वर्षा एवं तेज हवाएं चलने की आशंका जताई गई है। जिले में विशेष रूप से 29 अक्टूबर को संभावित प्रभाव को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को अलर्ट मोड पर रहने तथा आवश्यक संसाधनों एवं राहत-बचाव व्यवस्थाओं को तैयार रखने के निर्देश दिए हैं।

अच्छी पैदावार के बीच मौसम की मार का डर

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष मानसून की सक्रियता में देरी के कारण शुरूआती दौर में खेती प्रभावित होने की आशंका थी। हालांकि, बाद में अच्छी बारिश होने से खेती-किसानी की स्थिति में सुधार हुआ और धान की फसल भी अच्छी हुई है। अब जब फसल पककर कटाई के लिए तैयार है, ऐसे समय में बेमौसम बारिश की चेतावनी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। किसानों को आशंका है कि यदि लगातार बारिश होती है, तो कटाई और फसल के सुरक्षित भंडारण में परेशानी आ सकती है। ऐसे में किसान मौसम साफ रहने और फसल को सुरक्षित समेटने की उम्मीद कर रहे हैं।

अखंड सुहाग की कामना का पर्व करवा चौथ कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

अखंड सुहाग और पति की लंबी आयु की कामना का पर्व करवा चौथ 29 अक्टूबर को सुहागिन महिलाओं द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर महिलाओं में कई दिनों पहले से ही उत्साह देखने को मिल रहा है।

व्रत की तैयारियों के लिए महिलाएं पूजा सामग्री, मिट्टी के करवा, छलनी, श्रृंगार सामग्री और आकर्षक साड़ियों की खरीदारी में जुटी हैं। इसके चलते बैकुण्ठपुर के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। वहीं, पर्व को देखते हुए ब्यूटी पार्लरों में भी महिलाओं की भीड़ बढ़ने लगी है। करवा चौथ पर सुहागिन महिलाएं निर्जला व्रत रखकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करती हैं। इसके बाद रात्रि में चंद्रमा के दर्शन कर व्रत का पारण करती हैं। इस दिन महिलाएं सोलह श्रृंगार कर पति की लंबी आयु और सुखी दांपत्य जीवन की कामना करती हैं। पर्व को लेकर बाजार में मिट्टी से बने रंग-बिरंगे और कलात्मक करवा आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। शहर के कुमार चौक के पास सड़क किनारे कई दिनों से मिट्टी के करवा की बिक्री की जा रही है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)
(छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की एक उत्तरवर्ती कम्पनी)
कार्यालय कार्यपालन अभियंता (शहर) संभाग अम्बिकापुर

चक्रवाती तूफान के प्रभाव में दिनांक 27.10.2026 से 29.10.2026 तक प्रदेश में भारी वर्षा की चेतावनी एवं राज्य शासन के निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में कंट्रोल रूम से संबंधित मोबाईल नंबर-

क्र.	नाम	पद	फोन नं.
1	श्री कैलाश देवांगन	सहायक अभियंता जोन-एक	9630211566
2	सुश्री मीना राजवाड़े	कनिष्ठ यंत्री, जोन - एक	9201593908
3	सुश्री संगीता भगत	कनिष्ठ यंत्री, जोन - एक	9201596326
4	श्री अक्षय कुमार	सहायक अभियंता जोन-दो	7000030241
5	श्रीमती प्रणीता पैंकरा	कनिष्ठ यंत्री, जोन - दो	9770939348
6	श्री संगम पटेल	कनिष्ठ यंत्री, जोन - दो	9165080859
7	श्री अभिनेष बंजारे	सहायक अभियंता जोन-तीन	6264201324
8	श्रीमती अंशुमिता शुक्ला	कनिष्ठ यंत्री, जोन - तीन	9009449341
9	सुश्री तृप्ति भगत	कनिष्ठ यंत्री, जोन - तीन	9132950628
10	श्री राजेश कुमार जायसवाल	सहायक यंत्री (एच.टी.) मेंटेनेंस	9826183872
11	फ्यूज कॉल सेंटर	सहायक यंत्री कार्या., जोन-एक	9201993754
12	फ्यूज कॉल सेंटर	सहायक यंत्री कार्या., जोन-दो	9201994121
13	फ्यूज कॉल सेंटर	सहायक यंत्री कार्या., जोन-तीन	9201994123

जे.पी. राजवाडे (9510967)
कार्यपालन यंत्री (शहर) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमि. अम्बिकापुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ.ग.)

रा.प्र.क. /ब-121/2026-27

//ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवदास बछाड़ आ.सचिन बछाड़ निवासी ग्राम सकालो, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम सकालो स्थित भूमि खसरा नंबर 233/2 रकबा 0.320 हे. में से 50 डिसमिल भूमि अपने पुत्र के ईलाज में लिए गये कर्ज को चुकाने हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण अनावेदिका अनिमा बछाड़ पति स्व.दिलीप बछाड़, निवासी ग्राम सकालो, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) को रू.20,00,000/-(बीस लाख रूपये) में विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 06/11/2026 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 13/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार
अम्बिकापुर-02

TOP IN SURGUJA

हमारी सेवाएं
- गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल
- सुरक्षित प्रसव सुविधा
- बांझपन परामर्श एवं उपचार
- पीसीओडी/पीसीओएस उपचार
- महिला रोगों की जांच व इलाज
- सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं
- डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
CGHS से मान्यता प्राप्त
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
Dr. Sonal Dubey MBBS, MS (Obstetrics & Gynaecology Laparoscopic Surgeon)

सरगुजा मार्केट

आप परेशान क्यों हैं ? वारसी शिफा
खानदानी रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा इलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे हैं अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भूत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए
परामर्श शुल्क 500₹
मिलने का समय:- दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक
विशेष लाभ
- रूहानी जड़ी-बूटी से इलाज
- प्राकृतिक एवं सुरक्षित उपचार
- बिना ऑपरेशन, बिना साइड इफेक्ट
- शुद्ध और विश्वसनीय सेवा
पता - वारसी मंजिल, मल्हमाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
9753266386

डॉ. शिवानी सिंघल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
- बुखार, खांसी एवं संक्रमण
- टीकाकरण एवं ग्रोथ मॉनिटरिंग
- नवजात एवं बाल स्वास्थ्य पर विशेष परामर्श
- बच्चों की सम्पूर्ण देखभाल
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे, शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
24×7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध "स्वस्थ बचपन, उज्ज्वल भविष्य"
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S, MD. (पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनाँक - 01 नवंबर, 2026
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

INSTITUTE OF PHARMACY RESEARCH CENTRE
ADMISSION OPEN LIMITED SEAT
ACADEMIC SESSION 2026-27
COURSES
D.Pharmacy 2 years (science & math +PPHT)
B.Pharmacy 4 years (science & math +PPHT)
D.Pharmacy 3 years (Lateral Entry D.Pharmacy)
फार्मेसी में अपना भविष्य उज्जवल बनाएं अभी कॉल करें
फार्मेसी काउंसलिंग के प्रथम चरण हेतु तिथियां
पंजीयन (Registration) 01 सितंबर से 05 सितंबर तक
मेरिट लिस्ट जारी 06 सितंबर 2026
दावा आपत्ति 07 सितंबर 2026
आबंटन/रिजल्ट 08 सितंबर 2026
प्रवेश 09 सितंबर 2026 से 11 सितंबर 2026 तक
Add: Krishnapur Kalua Bharuhamunda Road Dist- Surajpur (C.G.)
9165265258, 8889110739, 9244175446

PUSHPENDRA COLLEGE OF PHARMACY AMBIKAPUR
ADMISSION OPEN LIMITED SEAT
ACADEMIC SESSION 2026-27
COURSES
D.Pharmacy 2 years (science & math +PPHT)
B.Pharmacy 4 years (science & math +PPHT)
D.Pharmacy 3 years (Lateral Entry D.Pharmacy)
फार्मेसी में अपना भविष्य उज्जवल बनाएं अभी कॉल करें
फार्मेसी काउंसलिंग के प्रथम चरण हेतु तिथियां
पंजीयन (Registration) 01 सितंबर से 05 सितंबर तक
मेरिट लिस्ट जारी 06 सितंबर 2026
दावा आपत्ति 07 सितंबर 2026
आबंटन/रिजल्ट 08 सितंबर 2026
प्रवेश 09 सितंबर 2026 से 11 सितंबर 2026 तक
Add: Lalmati Lundra, Ambikapur Dist- Surajpur (C.G.)
9407634704, 7509172393

पूर्व केन्द्रीय मंत्री, भारतीय जनता पार्टी के आधार स्तंभ, सरगुजा के विकास पुरूष
काका लरंग साय जी के
प्रतिमा का अनावरण
उनके पैतृक ग्राम जशवंतपुर में पधार रहे छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय
श्री विष्णुदेव साय जी
एवं पधारे समस्त अतिथियों का
हार्दिक अभिनंदन
दिनांक 28/10/2026, दिन - बुधवार, दोप. 12 बजे,
स्थान - चिरई, जशवंतपुर, वि.खं. शंकरगढ़, जिला - बलरामपुर (छ.ग.)
विनीत - लरंग साय सेवा समिति
अध्यक्ष - रामलखन सिंह सचिव - बुधनाराम कोषाध्यक्ष - खगेश साय

खबर संक्षेप



शिक्षक फेडरेशन के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का किया गया स्वागत

रामानुजनगर। छत्तीसगढ़ शिक्षक फेडरेशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष शशिभूषण दुबे का शिक्षकों ने समारोह आयोजित कर स्वागत किया। संगठन द्वारा सूरजपुर स्थित परशुरामपुर मंदिर में आयोजित समारोह में पूर्व जिलाध्यक्ष विजय साहू को खंड स्त्रोत समन्वयक बनाए जाने पर सम्मान किया गया वहीं रिक्त पद पर फेडरेशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष शशिभूषण दुबे का भी अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर शिक्षक फेडरेशन के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शशिभूषण दुबे ने कहा कि वे संगठन के द्वारा मिले दायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए संगठन की मजबूती के लिए पूरी क्षमता से काम करेंगे। उन्होंने संगठन के बहुप्रतीक्षित मांगों एवं शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण कराने संगठन के सदस्य को एकजुट रहने का अह्वान किया। इस दौरान सच्चिदानंद दुबे, देवेंद्र पाण्डेय, बृजेश तिवारी, विश्वनाथ सिंह, नवल किशोर गुप्ता, अमोल सिंह, गुड्डी राही, उर्मिला सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

पाक कला के राष्ट्रीय मंच पर हुनर दिखाने रवाना हुए ओपीएस के विद्यार्थी



अम्बिकापुर। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित यंग इंडिया कलिनरी चैंपियनशिप के क्षेत्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल के 4 प्रतिभागी मुंबई के लिए रवाना हुए। यह क्षेत्रीय स्तर की प्रतियोगिता भारतीय विद्यापीठ, मुंबई में 27 अक्टूबर को आयोजित होगी। मुकाबला दो श्रेणियों में होगा, कुकिंग विदाउट फायर और कुकिंग विद फायर। विद्यालय के इस प्रतिभाशाली दल में कुकिंग विद फायर श्रेणी में अदनान मलिक, अदाया पैंकरा एवं कुकिंग विदाउट फायर श्रेणी में भौमिक यादव, विद्योत्तमा पैंकरा तथा प्रभारी शिक्षिका श्रीमती सईदा खानम के नेतृत्व में मुंबई के लिए रवाना हुए। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और राष्ट्रीय मानकों पर खरा उतरने के लिए विद्यालय के विद्यार्थियों ने सरगवां द पैलेस रिजॉर्ट के एक्जीक्यूटिव शेष गणेश प्रसाद के मार्गदर्शन में 5 दिवसीय गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया है। विशेष प्रशिक्षण के दौरान छात्रों ने उन्नत कुकिंग तकनीकों, फूड प्रेजेंटेशन, और हाइजीन के महत्वपूर्ण गुर सीखे हैं। संस्थापक प्राचार्य डॉ.आईए खान सूरी ने प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि हमारे छात्र अपनी पाक कला प्रतिभा और कड़े प्रशिक्षण के बल पर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे तथा राष्ट्रीय स्तर के लिए अपनी जगह पक्की करेंगे।

स्थायी शिक्षा समिति की हुई बैठक शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने पर जोर



रामानुजनगर। विकासखंड में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने, विद्यालयों में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा करने तथा विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से स्थायी शिक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष रामप्रताप साहू ने की। विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता, शिक्षकों की जिम्मेदारी, विद्यार्थियों की उपस्थिति, ऑनलाइन पोर्टल पर जानकारी दर्ज करने तथा शासन की विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में समिति की सदस्य श्रीमती चन्द्रकला उपाध्याय, श्रीमती परमेश्वरी सिंह, रोहित सिंह, विकासखंड शिक्षा अधिकारी अवधेश साहू, खंड स्त्रोत समन्वयक विजय साहू, बीपीओ रविनाथ तिवारी, स्पेशल एजुकेटर नीलम पटेल, बृजलाल साहू सहित विकासखंड के सभी संकुल समन्वयक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी अवधेश साहू ने संकुल समन्वयकों से विद्यालयों में संचालित विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। बैठक में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति को शिक्षा की गुणवत्ता से जोड़ते हुए कहा गया कि बच्चों को विद्यालय से जोड़कर रखना और उनकी पढ़ाई में निरंतरता बनाए रखना सभी शिक्षकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक में छात्रावासों एवं आश्रमों में शिक्षकों से लिए जा रहे कार्यों से संबंधित रहा। साथ ही छात्रावासों के आसपास स्थित विद्यालयों के शिक्षकों को छात्रावास अधीक्षक का दायित्व सौंपने के प्रस्ताव पर सहमति दी गई, ताकि शिक्षकों की उपलब्धता और विद्यार्थियों की पढ़ाई के बीच बेहतर संतुलन बनाया जा सके। बैठक में उपस्थित सभी संकुल समन्वयकों ने विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने, कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने, नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा विद्यालयों में नवाचार आधारित शिक्षण को बढ़ावा देने के संबंध में अपने-अपने सुझाव रखे।

फटे बोरों से सड़क पर उड़ता भूसा बन रहा परेशानी का सबब

एनएच पर हादसे को न्यौता दे रहे भूसे से भरे ओवरलोड वाहन



भूसा लोड वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एनएच 43 सहित क्षेत्र की अन्य सड़कों पर भूसे से लदे मालवाहक वाहन राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। वाहनों में असुरक्षित तरीके से भूसा लोड कर तेज रफ्तार से दौड़ाया जा रहा है। बोरों से निकलकर हवा में उड़ने वाला भूसा पीछे चल रहे दोपहिया वाहन चालकों, साइकिल सवारों और पैदल राहगीरों की आंखों, नाक और मुंह में घुस रहा है। इससे वाहन चालकों का ध्यान भटकने और संतुलन बिगड़ने का खतरा बना रहता है। व्यस्त सड़क पर इस तरह की लापरवाही कभी भी गंभीर सड़क दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसके बावजूद भूसे का असुरक्षित परिवहन लोगों की परेशानी बढ़ा रहा है।

खास बात

- आंखों में कण जाने से हादसों का बना खतरा

राइस मिलों से पावर प्लांट तक पहुंचता है भूसा

जानकारी के अनुसार, राइस मिलों में धान की कुटाई के बाद निकलने वाले भूसे की पावर प्लांट संचालकों द्वारा खरीद की जाती है। इसका उपयोग बिजली उत्पादन के लिए किया जाता है। सूरजपुर, अंबिकापुर सहित आसपास के जिलों से भूसे का परिवहन स्थानीय स्तर पर होने के साथ ही दूसरे जिलों और दूरस्थ क्षेत्रों तक भी किया जाता है। इसके लिए ट्रकों और अन्य मालवाहक वाहनों में भूसे को बोरों में भरकर गंतव्य तक पहुंचाया जाता है। भूसे की ढुलाई से जुड़े इन वाहनों की आवाजाही राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य प्रमुख सड़कों पर लगातार बनी रहती है। लेकिन परिवहन के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी राहगीरों के लिए परेशानी खड़ी कर रही है। कई वाहनों में भूसे से भरे बोरे इस तरह रखे जाते हैं कि उनके फटने या उनसे भूसा बाहर निकलने की आशंका बनी रहती है। वहीं, बोरों की सिलाई कमजोर होने और उन्हें ठीक से नहीं बांधने के कारण रास्ते में भूसा हवा में उड़ता रहता है।

हवा में उड़ते भूसे के बारीक कण बन रहे दुर्घटना का कारण

भूसे से लदे वाहनों के पीछे चलने वाले दोपहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है। वाहन की रफ्तार और हवा के दबाव के कारण बोरों से निकलने वाले भूसे के बारीक कण पीछे की ओर उड़ते हैं। ऐसे में बाइक या स्कूटी से सफर कर रहे लोगों की आंखों में अचानक भूसे का कण चला जाता है। इससे कुछ पल के लिए सामने का रास्ता दिखाई देना मुश्किल हो सकता है। चालक की नजर सड़क से हटने या संतुलन बिगड़ने पर दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। यही स्थिति साइकिल सवारों और पैदल चलने वालों के लिए भी परेशानी पैदा करती है। खासकर व्यस्त मार्गों पर जब एक ओर भारी वाहन चल रहे हों और दूसरी ओर दोपहिया वाहन चालक उनसे आगे निकलने या सुरक्षित दूरी बनाए रखने का प्रयास कर रहे हों, तब उड़ता भूसा खतरे को और बढ़ा देता है। एन एच -43 पर आवागमन के दौरान लोगों को भारी वाहनों के बीच सावधानी बरतनी पड़ती है। ऐसे में भूसे से लदे वाहनों के पीछे चलना दोपहिया सवारों के लिए अतिरिक्त जोखिम पैदा करता है। कई बार वाहन चालक आगे चल रहे ट्रक से पर्याप्त दूरी बनाए रखने के बावजूद हवा में उड़ते भूसे से बच नहीं पाते। परिवहन के दौरान भूसा उड़ने से रोकने के लिए वाहनों पर उपयुक्त ढकाव की व्यवस्था भी आवश्यक है। क्षेत्रवासियों ने पुलिस और प्रशासन से इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान देने की मांग की है। लोगों का कहना है कि सड़कों पर असुरक्षित तरीके से भूसा लोड कर चलने वाले वाहनों की जांच की जानी चाहिए। जिन वाहनों से भूसा लगातार उड़ता रहता है, उनके संचालकों को सुरक्षित परिवहन के लिए निर्देशित किया जाए। साथ ही परिवहन संबंधी नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।



ऑल इंडिया चेस टूर्नामेंट में हिमाल बने विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सुसीमा वेल्फेयर फाउण्डेशन द्वारा आयोजित चार दिवसीय प्रतियोगिता का 8 चक्रो के खेल के बाद समापन किया गया।

अंतिम चक्र में पहले टेबल पर कलकत्ता के आइएम हिमाल गुसैन ने मध्यप्रदेश के वैभव नेमा को कड़े संघर्ष में हराया और 7.5 अंकों के साथ टूर्नामेंट के चैम्पियन बने। इन्हें 61000रू नगद पुरस्कार और विजेता ट्राफी से सम्मानित किया गया। दूसरे टेबल पर कौस्तुभ कुण्डु और छत्तीसगढ़ के स्टार खिलाड़ी यशद बाम्बेश्वर के बीच बाजी बराबरी पर छुटी और कौस्तुभ 7 अंको के साथ उपविजेता बने। उन्होंने 41000रू नगद तथा उपविजेता ट्राफी पर कब्जा जमाया। महाराष्ट्र के श्रेयस घादी ने छत्तीसगढ़ के विनोद शर्मा को हराया और तीसरा स्थान हासिल किया। छत्तीसगढ़ के यशद बाम्बेश्वर, झारखण्ड के तनिष्क कुमार, छत्तीसगढ़ के गगन साहू, पश्चिम बंगाल के सप्त ऋषि तालुकदार, छत्तीसगढ़ के मास्टर विनोद शर्मा 6.5 अंकों के साथ क्रमशः चौथे, पांचवे, छठवें, सातवें और आठवें स्थान पर रहे। 1650 वर्ग के नीचे मध्यप्रदेश के यशवर्धन सिंह चौहान पहले, छत्तीसगढ़ के साहिल सागर दूसरे और अम्बिकापुर के 7 वर्षीय नन्हें प्रज्वल पाण्डे ने तीसरा स्थान हासिल किया।

अनरेटेड ग्रुप में छत्तीसगढ़ के शुभम कुमार प्रथम और जशपुर के एलन रफेल लकड़ा दुसरे स्थान पर रहे। स्पेशल प्राइज सरगुजा ग्रुप में सूरजपुर के अभिषेक राजवाड़े प्रथम, अम्बिकापुर के अंशुमान सहाय द्वतीय, रोहन गुप्ता तृतीय, सीतापुर के सुशील कुमार चौथे और जशपुर के गणेश राम भगत पांचवे स्थान पर रहे।



मौसम बदलने से किसानों को सता रही धान की फसल खराब होने की चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

क्षेत्र में मंगलवार से मौसम का मिजाज बदलने लगा है। मौसम में आए बदलाव और संभावित बारिश की आशंका ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। क्षेत्र में धान की कटाई जारी है। कुछ किसानों की धान की फसल कट चुकी है, जबकि कई किसानों की फसल खेतों में पककर तैयार है। ऐसे में तेज बारिश होने पर धान की फसल खराब होने की चिंता सता रही है। मौसम खराब होने से कटाई और मिंजाई का काम प्रभावित होने के साथ ही खेतों में खड़ी फसल को नुकसान पहुंचने की चिंता बढ़ गई है। लगातार बारिश होने पर फसल की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है।

- भारी बारिश की आशंका से किसान चिंतित, प्रशासन ने जारी किया अलर्ट

चक्रवाती तूफान के प्रभाव से अतिवृष्टि सहित अन्य प्राकृतिक आपदाओं की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन ने आवश्यक तैयारियां की है। इसके लिए प्रशासन द्वारा कंट्रोल रूम बनाया गया है।

सुरक्षित बचपन अभियान के तहत विद्यार्थियों को दी गई पॉक्सो एक्ट एवं साइबर सुरक्षा की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

बच्चों को लैंगिक अपराधों से संरक्षण, उनके अधिकारों एवं सुरक्षित वातावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अखिल भारतीय विद्यालय जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराना तथा बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

- शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुआ विधिक जागरूकता कार्यक्रम



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी हिमांशु पण्डा उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट, 2012 के विभिन्न प्रावधानों की सरल एवं सहज भाषा में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बच्चों की सुरक्षा, गरिमा एवं अधिकारों का संरक्षण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। साथ ही विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव, सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक उपयोग, ऑनलाइन गतिविधियों के दौरान सतर्कता बरतने तथा किसी भी अनुचित परिस्थिति में विश्वसनीय व्यक्ति एवं संबंधित प्राधिकरण से सहायता लेने के संबंध में जागरूक किया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका, विधिक सहायता एवं आम नागरिकों को उपलब्ध कानूनी सेवाओं की जानकारी भी दी गई। अभियान के तहत प्रथम चरण में 26 से 31 अक्टूबर तक एक सप्ताह का गहन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जबकि द्वितीय चरण में 12 नवंबर से नवंबर 2027 तक विद्यालय स्तर पर क्षमता निर्माण एवं जागरूकता गतिविधियां निरंतर संचालित की जाएंगी। कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,के अध्यक्ष थॉमस एक्का के मार्गदर्शन एवं प्राधिकरण की सचिव पायल टोपनो के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुजूर, प्रभारी शिक्षक ओमप्रकाश राजवाड़े तथा पैरालीगल वॉलंटियर्स सत्य नारायण एवं उमेश कुमार राजवाड़े उपस्थित रहे।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के विवादित बयान के खिलाफ भाजयुमो ने किया पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश संगठन के आह्वान पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा पटना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता के संबंध में दिए गए अमर्यादित बयान के विरोध में भाजयुमो घड़ी चौक पर सोमवार को पुतला दहन कर कड़ा विरोध जताया। इस दौरान युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और इस प्रकार की ओछी राजनीति की भर्त्सना की।

पदाधिकारियों ने कहा कि एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल के शीर्ष पद पर आसीन व्यक्ति द्वारा व्यक्तिगत रूप से प्रधानमंत्री के परिजनों और दिवंगत पिता के खिलाफ इस तरह की अशोभनीय टिप्पणी कांग्रेस की गिरती हुई राजनीतिक संस्कृति और उनकी हताशा को दर्शाता है। देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और उनके परिवार के त्याग व संघर्ष से भली-भांति परिचित है, और ऐसे अमर्यादित बयानों से देश की जनता कांग्रेस को लगातार नकार रही है। कांग्रेस पार्टी राजनीतिक विफलताओं से बौखलाकर इस प्रकार के स्तरहीन हथकंडे अपना रही है, जिसे युवा मोर्चा कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। कांग्रेस नेतृत्व अपनी ओछी हरकतों से बाज नहीं आया, तो युवा मोर्चा उग्र आंदोलन करेगा। विरोध प्रदर्शन में महामंत्री अविनाश मंडल, उपाध्यक्ष रिशु अंबष्ट, रमन सिंह पदम, अनुराग शुक्ला, ओंकारेश्वर सिंह, अभिषेक माथुर, दीपू पाण्डेय, आनंद साहू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सुरक्षा कर्मियों से मारपीट और बाइक जलाने के मामले में पुलिस संदिग्धों से कर रही पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की एक्शेवेशन वर्कशॉप और बलरामपुर खदान में रविवार रात चोरी की वारदातों के दौरान चोरों द्वारा जमकर उत्पात मचाया गया। आरोप है कि केबल चोरी और यूकेलिप्टस के पेड़ों की अवैध कटाई का विरोध करने पर बदमाशों ने सुरक्षा कर्मियों के साथ मारपीट की और उनकी बाइक को आग के हवाले कर दिया,मामले में बिश्रामपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर संदिग्धों की धरपकड़ तेज कर दी है,पुलिस आज दूसरे दिन भी चोरों के संभावित ठिकानों पर छापेमारी करती रही और कबाड़ का कारोबार करने वाले पुराने रिकॉर्ड वाले लोगों से भी पूछताछ की गई।

- हर माह डेढ़ करोड़ से अधिक खर्च, फिर भी खदानों में चोरी पर अंकुश नहीं

बताया जा रहा है कि क्षेत्र में सक्रिय बदमाश अब कोयला, कबाड़ और केबल चोरी के साथ खदान क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण के लिए लगाए गए यूकेलिप्टस के पेड़ों को भी निशाना बना रहे हैं,पेड़ों की कटाई कर लकड़ियों की तस्करी किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। आरोप है कि इस अवैध गतिविधि में जयनगर, केनापारा तेलईकछार और सिलफिली क्षेत्र के कुछ युवकों का गिरोह सक्रिय है।

50 मीटर से अधिक दुरी की आर्मर्ड केबल हुई चोरी

रविवार रात चोरों ने बंद पड़ी बलरामपुर खदान में प्रवेश कर 50 मीटर से अधिक लम्बाई की आर्मर्ड केबल चोरी कर ली,इससे पहले करीब पखवाड़े भर पूर्व भी चोरों ने सात-आठ खदानों से केबल चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था,लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद चोरी पर प्रभावी अंकुश नहीं लगने से एसईसीएल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। खदानों की सुरक्षा के लिए प्रबंधन त्रिपुरा स्टेट राइफल्स के जवानों के अलावा मैगजीन की सुरक्षा में सीआईएसएफ सहित क्षेत्र की सुरक्षा में विभागीय सुरक्षा कर्मियों की सेवाएं ले रहा है। इनकी तैनाती, वेतन और अन्य सुविधाओं पर प्रबंधन प्रतिमाह डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर रहा है। इसके बावजूद खदान क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।

दो साल से तैनात हथियारबंद जवान, चोरी की घटना रोकने में रहे नाकाम

खदानों की सुरक्षा में तैनात हथियारबंद जवान भी खदान क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रहे हैं,बताया जाता है कि कोयला, कबाड़ और केबल चोरी रोकने के उद्देश्य से प्रबंधन ने त्रिपुरा स्टेट राइफल्स के जवानों के साथ अनुबंध किया था। दो साल से अधिक समय से जवान क्षेत्र में तैनात हैं, लेकिन चोरी की घटनाओं में अपेक्षित कमी नहीं आई है। लगातार हो रही चोरी के बीच सुरक्षा कर्मियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। क्षेत्र में सुरक्षा कर्मियों और चोरों के बीच मिलीभगत की चर्चाएं भी हैं, हालांकि इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रविवार रात सुरक्षा कर्मियों के साथ मारपीट और बाइक जलाने की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था की चुनौतियों को और गंभीर कर दिया है।वहीं एसईसीएल प्रबंधन द्वारा खदानों की सुरक्षा व्यवस्था की समय समय पर समीक्षा नहीं कराई जा रही है जिसका खामियाजा कम्पनी को भुगतना पड़ रहा है।

सूरजपुर में भी किया गया पुतला दहन

सूरजपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा की गई अभद्र एवं अमर्यादित बयानबाजी के विरोध में सोमवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा ने उग्र प्रदर्शन किया। जिला मुख्यालय स्थित अग्रसेन चौक पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष देव गुप्ता के नेतृत्व में मल्लिकार्जुन खरगे का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन के इस कार्यक्रम के दौरान भाजयुमो कार्यकर्ताओं और वहां तैनात पुलिस कर्मियों के बीच तीखी झड़प और झूमाझटकी हुई। पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारियों को रोकने के कड़े प्रयास किए गए, लेकिन युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने पुलिस के साथ हुए इस कड़े संघर्ष के बीच कांग्रेस अध्यक्ष का पुतला फूंका और उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाजयुमो जिलाध्यक्ष देव गुप्ता ने कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि देश के जननेता के खिलाफ ऐसी अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल कांग्रेस की ओछी मानसिकता और हताशा को दर्शाता है, जिसे भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता और देश का युवा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। इस दौरान शशिकांत गर्ग, रितेश गुप्ता, संत सिंह, राजेश्वर तिवारी, दीपक गुप्ता, बबलू गुप्ता, शैलेश अग्रवाल, बिसेन तायल, सोनू गुप्ता, अरविंद केजरीवाल, नीरज जिन्दिया, सहीम अंसारी, दीक्षित वर्मा, सौनू साहू, विशाल गुप्ता, विक्की सोनवानी, दिलीप साहू, हर्ष गुप्ता, महेंद्र साहू, गौरी शंकर साहू, अमन साहू, प्रिंस साहू, शानू साहू, गौरव दुबे, उगेंद्र राजवाड़े, हेमंत बैगा, पटेल ठाकुर, राजू साहू, कृष्णा राजवाड़े, भुनेश्वर साहू, बल्लू साहू, मनोज साहू, महेंद्र साहू, रविंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।



पीएमश्री सेजेस स्कूल के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

बरमकेला। खेल के मैदान में कड़ी मेहनत अनुशासन और निरंतर अभ्यास के दम पर पीएम श्री सेजेस बरमकेला के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, क्षेत्र और जिले का नाम गौरवान्वित किया है। सरगुजा में 23 से 26 अक्टूबर तक आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा में विद्यालय के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सभी वर्गों में पदक हासिल किया है।

स्पर्धा में सकूल के 30 खिलाड़ियों का चयन हुआ था। इन खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का परिचय देते हुए बालक वर्ग के तीनों आयु वर्गों में गोल्ड मेडल जीतकर शानदार सफलता हासिल की। वहीं बालिका वर्ग में भी खिलाड़ियों ने सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया।



इस प्रतियोगिता की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि विद्यालय के कुल 15 खिलाड़ियों का चयन नेशनल लेवल की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। सरगुजा में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में पीएमश्री सेजेस बरमकेला के बालक खिलाड़ियों ने असाधारण प्रदर्शन किया। अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 तीनों वर्गों में खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल हासिल कर विद्यालय की खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया। तीनों आयु वर्गों में स्वर्ण पदक प्राप्त करना विद्यालय के लिए विशेष उपलब्धि है। खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के दौरान अपनी खेल क्षमता, तकनीकी दक्षता, अनुशासन और टीम भावना का परिचय दिया। उनकी इस सफलता के पीछे पूरे वर्ष किया गया नियमित अभ्यास और खेल के प्रति समर्पण महत्वपूर्ण रहा। बालक वर्ग में तीनों गोल्ड मेडल प्राप्त होने से विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल है।

खबर संक्षेप



आंबा कार्यकर्ता-सहायिकाओं ने किया धरना-प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

अम्बिकापुर। प्रांतीय आह्वान पर मंगलवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने धरना-प्रदर्शन किया तथा 5 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। धरना-प्रदर्शन में प्रांताध्यक्ष श्रीमती कविता यादव ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं वर्षों से महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं को गांव-गांव और घर-घर पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। सरकार की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर सफल बनाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान है, लेकिन उनके स्वयं के अधिकार, सम्मान, मानदेय एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़े अनेक विषय आज भी समाधान की प्रतिक्षा कर रहे हैं। धरना-प्रदर्शन एवं रैली पश्चात संयुक्त मंच की 5 सूत्रीय मांगों की ओर शासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया। संघ ने मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर शीघ्र निर्णय लेने की मांग की।

धान खरीदी नीति में सुखत को मान्यता देने की मांग सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने शासन को सौंपा ज्ञापन



रामानुजनगर। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 की धान खरीदी नीति को लेकर आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने शासन और प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है। संघ ने धान खरीदी के दौरान प्राकृतिक नमी के कारण होने वाली वजन की कमी को मान्यता देने तथा धान के समयबद्ध उठाव और परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। इस संबंध में संघ ने खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव एवं कलेक्टर व जिला खाद्य अधिकारी को पत्र सौंपा है। ज्ञापन में संघ ने कहा है कि प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के कर्मचारी एवं प्रबंधकीय अमले शासन के निर्देशानुसार पारदर्शिता के साथ धान खरीदी संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वर्तमान खरीदी नीति के कुछ व्यावहारिक प्रावधानों के कारण जमीनी स्तर पर काम करने वाली समितियों और उनके प्रभारियों के सामने वित्तीय एवं कानूनी समस्याएं उत्पन्न होने की आशंका है। संघ ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि धान खरीदी नीति के अनुसार किसानों से अधिकतम 17 प्रतिशत नमी तक का धान खरीदने का प्रावधान है। संघ का कहना है कि नमी कम होने से वजन में होने वाली इस स्वाभाविक कमी को सुखत कहा जाता है। ऐसे में यदि नीति में किसी भी प्रकार की सुखत को मान्यता नहीं देने का प्रावधान लागू किया जाता है, तो धान के भंडारण, रखरखाव और परिवहन के दौरान समितियों के सामने व्यावहारिक कठिनाइयां आ सकती हैं ज्ञापन में धान के उठाव और परिवहन की व्यवस्था को भी महत्वपूर्ण मुद्दा बताया गया है। संघ का कहना है कि उपार्जन केंद्रों में धान का समय पर उठाव होना जरूरी है, ताकि भंडारण की समस्याओं और प्राकृतिक परिस्थितियों के कारण होने वाले नुकसान की आशंका को कम किया जा सके। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि धान खरीदी नीति के प्रावधानों की जमीनी परिस्थितियों के अनुरूप समीक्षा की जाए।

निधन



डॉ घनश्याम सिंह

अंबिकापुर। मेडिकल कालेज चिकित्सालय के रिटायर्ड पूर्व एमएस डॉ. घनश्याम सिंह का 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को शहर के शंकरघाट स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

ग्रामीणों ने की पुलिया निर्माण की मांग

आवागमन के लिए आठ माह से इंतजार कर रहे 20 गांवों के लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

ग्राम पंचायत धोंधा में ग्रामीणों की परेशानी कम होने के बजाय लगातार बढ़ती जा रही है। पहले पुलिया टूट गई, जिस के बाद लोगों के आने-जाने के लिए रपटा पुल बनाया गया, लेकिन वह भी पहली बरसात का पानी नहीं झेल पाया और बह गया। घटना को करीब आठ माह बीत चुके हैं, फिर भी अब तक मरम्मत या स्थायी समाधान नहीं होने से करीब 20 गांवों के ग्रामीण बेहतर आवागमन की सुविधा का इंतजार कर रहे है।

खास बात

- पहले टूटी पुलिया फिर बना रपटा पुल और पहली बरसात में वह भी बह गया

अगस्त माह में ही लगातार बारिश से जिस पुलिया से होकर दर्जनों गांवों के लोगों की आवाजाही करते थे वह पुलिया नदी के तेज पानी के बहाव से पुलिया के पिलर और स्लैब पानी में समा गई थी। धोंधा पंचायत के गांव के समीप नदी पर बना पुल बारिश के दौरान पूरी तरह ध्वस्त हो गया जिससे आवागमन पूर्ण रूप से प्रभावित हो गई। ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा देने के उद्देश्य से पुलिया टूटने के बाद रपटा पुल बनाया गया था। लेकिन पहली ही बरसात में उसके बह जाने से निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अब स्थिति यह है कि पुरानी पुलिया पहले ही क्षतिग्रस्त हो चुकी है और उसके विकल्प के रूप में बना रपटा पुल भी ग्रामीणों को राहत नहीं दे सका। ऐसे में पुल के क्षतिग्रस्त होने के आठ माह बाद भी समाधान नहीं निकलना संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों की सक्रियता पर सवाल खड़ा करता है। करीब 20 गांवों के लोगों के लिए आवागमन की समस्या गंभीर बनी हुई है।



क्षतिग्रस्त पुल।

दर्जनों गांवों का आवागमन प्रभावित

पुलिया और रपटा पुल के ध्वस्त होने से आसपास के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों के सामने आवागमन का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। नदी के दोनों ओर रहने वाले लोगों का संपर्क प्रभावित हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार अब क्षेत्र के लोगों को लंबा और कठिन रास्ता अपनाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पुल पर जगह-जगह दरारें और कमजोर होने आवागमन करना खतरनाक था वहीं पुलिया व रपटा पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने से परेशानी और भी बढ़ गई है।

निर्माण कार्यों पर सवाल

प्रतापपुर क्षेत्र में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में सड़क, पुल, रपटा और अन्य निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के बजाय कागजी प्रक्रिया को अधिक महत्व दिया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि कहीं सड़क खराब हो रही है तो कहीं पुल और रपटा पहली ही बारिश में जवाब देने लगते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्यों में कथित मिलीभगत और लापरवाही के कारण सरकारी राशि का सही उपयोग नहीं हो पा रहा है।

जांच और कार्रवाई की मांग

क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को क्षतिग्रस्त पुल का निरीक्षण कर निर्माण की गुणवत्ता की जांच करानी चाहिए। साथ ही यह स्पष्ट करना चाहिए कि मरम्मत या पुनर्निर्माण का काम कब शुरू होगा और ग्रामीणों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा कब तक मिलेगी। ग्रामीणों को कहना है कि जब पहली पुलिया टूट गई और उसके बाद बना रपटा पुल भी पहली बरसात में बह गया, तो आठ माह बाद भी समाधान क्यों नहीं हुआ। धोंधा के ग्रामीण अब आश्वासन नहीं, बल्कि सुरक्षित रास्ता और समस्या का स्थायी निराकरण करने की मांग की है।



बाबा कार्तिक उरांव के जन्म शताब्दी वर्ष पर जुटेगा जनजातीय समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बाबा कार्तिक उरांव के जन्म शताब्दी वर्ष पर 29 अक्टूबर को उनकी प्रतिमा का अनावरण समारोह आयोजन समिति और नगर पालिक निगम द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

- निकलेगी भव्य शोभायात्रा, कला केंद्र मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम, जुटेंगे हजारों लोग

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल उरांव, वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, महामंत्री योगेश बापट उपस्थित रहेंगे। समारोह में जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सूर्यनारायण सूरी और राष्ट्रीय संरक्षक गणेश राम भगत, कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप, ओपी चौधरी, श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, श्याम बिहारी जायसवाल और राजेश अग्रवाल, सांसद चिंतामणि महाराज, राधेश्याम राठिया, गोमती साय, उधेश्वरी पैकरा, शकुंतला सिंह पोर्ते, रेणुका सिंह, महापौर मंजूषा भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, डॉ.आजाद भगत और रोशन प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में जनजातीय समाज के लोग शामिल होंगे। समारोह के प्रारंभ में कला केंद्र मैदान से सुबह 11 बजे से शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा शहर भ्रमण कर बाबा कार्तिक उरांव चौक पहुंचेगी जहां अतिथियों द्वारा बाबा कार्तिक उरांव की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। प्रतिमा अनावरण पश्चात कला केंद्र मैदान में मंचीय कार्यक्रम होंगे। इस दौरान जनजातीय समाज की लोकसंस्कृति और पारंपरिक नृत्यों की प्रस्तुतियां होगी साथ ही बाबा कार्तिक उरांव के संघर्ष, शिक्षा, सामाजिक स्वाभिमान, सांस्कृतिक अस्मिता और संवैधानिक अधिकारों पर वक्ताओं के उद्बोधन होंगे।

जीपीएस ने खोला राशन दुकान चोर गिरोह का राज 5 गिरफ्तार, 38.60 लाख की संपत्ति जब्त

अमीरों की तरह क्रेटा कार में चोरी करने पहुंचते थे सरकारी दुकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सरकारी राशन दुकानों से चावल और शक्कर की लगातार हो रही चोरी से परेशान पुलिस ने आखिरकार ऐसा तरीका अपनाया, जिसने पूरे गिरोह का पर्दाफाश कर दिया। चोरों को पकड़ने के लिए पुलिस ने शक्कर की एक बोरी में जीपीएस ट्रैकर छिपा दिया। चोरों ने हमेशा की तरह उस बोरी को भी चोरी कर लिया, लेकिन उन्हें अंदाजा नहीं था कि यही बोरी उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचा देगी। जीपीएस की लोकेशन का पीछा करते हुए रायगढ़ पुलिस की टीम पत्थलगांव पहुंची, जहां से चार कथित चोरों और चोरी का माल खरीदने वाले एक व्यक्ति समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। खास बात यह है कि चोर अमीरों की तरह क्रेटा कार में सवार होकर चोरी करने जाते थे। उसी वाहन में राशन की बोरी लाद कर फरार हो जाते थे।



पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 115 बोरी चावल और 2 बोरी शक्कर बरामद की है। इसके अलावा चोरी में इस्तेमाल की गई क्रेटा और इनोवा कार भी जब्त की गई हैं। जब्त संपत्ति की कुल अनुमानित कीमत 38.60 लाख रुपए बताई गई है। पुसौर थाना क्षेत्र में इस साल कई शासकीय उचित मूल्य दुकानों में चोरी की घटनाएं सामने आई थीं। चोर रात के समय दुकानों को निशाना बनाते और चावल.शक्कर की बोरियां लेकर फरार हो जाते थे। लगातार हो रही वारदातों से परेशान राशन दुकान संचालकों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह और पुसौर थाना प्रभारी से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की थी। जांच में सामने आया कि चोर तेज रफ्तार वाहनों से गांवों में पहुंचते थे और वारदात के बाद तुरंत फरार हो जाते थे। चोरी का तरीका एक जैसा होने से पुलिस को किसी संगठित गिरोह के सक्रिय होने का संदेह हुआ। इसके बाद थाना प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बैस ने राशन दुकान संचालकों की बैठक लेकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की सलाह दी। सीसीटीवी कैमरे लगवाने में होने वाले खर्च को देखते हुए पुलिस ने जीपीएस ट्रैकर के इस्तेमाल का सुझाव दिया। इसी योजना के तहत एक शक्कर की बोरी में ट्रैकर छिपाकर रख दिया गया। पुलिस को उम्मीद थी कि शक्कर की बोरियां उठाने की आदत के कारण चोर इस बोरी को भी निशाना बनाएंगे। 25 और 26 अक्टूबर की दरमियानी रात ग्राम कोतमरा की शासकीय उचित मूल्य दुकान में चोरी हो गई। चोर चावल और शक्कर की बोरियों के साथ जीपीएस ट्रैकर लगी शक्कर की बोरी भी उठा ले गए। उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि पुलिस उनकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए पहले से तैयारी कर चुकी है। चोरी की सूचना मिलने पर पुसौर थाने में मामला दर्ज किया गया। पुलिस टीम ने जीपीएस ट्रैकर की लोकेशन के आधार पर आरोपियों का पीछा शुरू किया। ट्रैकर के संकेत रायगढ़ से धरमजयगढ़ की ओर मिले और संयुक्त पुलिस टीम पत्थलगांव तक पहुंच गई।

रास्ते में बाइक रोककर तीन लोगों ने युवक से की मारपीट, जुर्म दर्ज

बिश्रामपुर। ग्राम महावीरपुर के तुरियाबाड़ी के पास रास्ता रोककर एक युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है,पीड़ित मृत्युंजय विश्वास उर्फ मिथुन ने गांव के ही अंशू राय सहित तीन लोगों पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने और हाथ-मुक्के व पत्थर से हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने 27 अक्टूबर को जयनगर थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है,शिकायत के अनुसार ग्राम संजयनगर निवासी 35 वर्षीय मृत्युंजय विश्वास मंगलवार सुबह करीब 11 बजे अजीरमा से महावीरपुर होते हुए अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान महावीरपुर के तुरियाबाड़ी के पास गांव का ही अंशू राय बाइक से पहुंचा और अपनी गाड़ी पीड़ित की बाइक के सामने खड़ी कर रास्ता रोक दिया,पीड़ित का आरोप है कि अंशू राय एवं साथियों ने उस पर गाली गलौच करते हुए हाथ-मुक्कों तथा पत्थर से मारपीट शुरू कर दी। अचानक हुए हमले से उसके चेहरे, आंख, नाक और कंधे में चोटें आई हैं।रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

बिजनेस प्लस



अंबिकापुर में किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी शोरूम का भव्य शुभारंभ

अंबिकापुर। सरगुजा संभाग के प्रमुख व्यावसायिक केंद्र अंबिकापुर में 27 अक्टूबर को प्रतिष्ठित किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी शोरूम का भव्य शुभारंभ हुआ। हरि कृष्ण ग्रुप के संस्थापक घनश्याम ढोलकिया ने शोरूम का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, अजय अग्रवाल सहित स्थानीय गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। वर्ष 1981 में स्थापित हरि कृष्ण ग्रुप ने हीरा उद्योग में अपनी पहचान बनाई है। किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी इसी समूह का प्रतिष्ठित ब्रांड है। हर घर किसना के संकल्प के साथ अंबिकापुर पहुंचे इस प्रतिष्ठित ज्वेलरी ब्रांड के नए शोरूम से सरगुजा और आसपास के क्षेत्रों के ग्राहकों को हीरे एवं सोने के आभूषणों की विविध रेंज उपलब्ध होगी। शोरूम का शुभारंभ शहर के आभूषण कारोबार के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है। शुभारंभ अवसर पर 59,700 हीरे जड़ी एक विशेष कलाकृति प्रदर्शित की गई, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। आयोजकों के अनुसार इस कलाकृति को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड से जुड़ी विशेष उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा शोरूम में नायाब हीरे-जड़ित आभूषणों की आकर्षक श्रृंखला भी प्रदर्शित की गई, जिसमें उत्कृष्ट डिजाइन और बारीक कारीगरी देखने को मिली। हरि कृष्ण ग्रुप के संस्थापक घनश्याम ढोलकिया अपनी पत्नी के साथ विशेष चार्टर्ड विमान से अंबिकापुर पहुंचे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उनका सुबह 10 बजे दारिमा हवाई अड्डे पर आगमन हुआ। इसके बाद दोपहर 12 बजे अंबेडकर चौक स्थित अंबिका पेट्रोल पंप परिसर, बनारस रोड में शोरूम का उद्घाटन किया गया।

- घनश्याम ढोलकिया ने किया शुभारंभ, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव रहे मौजूद

भैयाथान और सलका ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संयुक्त नेतृत्व में किया प्रदर्शन

भैयाथान। कांग्रेस ने भैयाथान चौक पर धरना-प्रदर्शन कर विरोध जताया। भैयाथान और सलका ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया गया और उनके इस्तीफे की मांग उठाई गई। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर भैयाथान तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।



भैयाथान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विद्यात्री सिंह देव और सलका ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप राजवाड़े के संयुक्त नेतृत्व में पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े सहित कांग्रेस के पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। भैयाथान चौक पर जुटे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता और निर्वाचन व्यवस्था की जवाबदेही पर सवाल उठाए। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विरोध जताते हुए उनके इस्तीफे की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती जनता के मताधिकार और चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर निर्भर करती है। चुनावी प्रक्रिया को लेकर उठने वाले सवालों का पारदर्शी तरीके से जवाब दिया जाना चाहिए, ताकि जनता का निर्वाचन व्यवस्था पर विश्वास बना रहे। कांग्रेस नेताओं ने भैयाथान तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर अपना विरोध दर्ज कराया। धरना प्रदर्शन के दौरान भैयाथान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विद्यात्री सिंह देव, सलका ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप राजवाड़े के अलावा पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े, अखिलेश प्रताप सिंह, सफी अहमद सहित कांग्रेस संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना



प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

शरद पूर्णिमा पर अग्रसेन भवन में बाबा श्याम कीर्तन का आयोजन

बिश्रामपुर। शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर सोमवार को श्याम सलोना परिवार बिश्रामपुर का तृतीय वार्षिक उत्सव अग्रसेन भवन में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाया गया, जहां देर तक भक्ति और संगीत की सरिता बहती रही। बाहर से आए भजन गायकों की सुमधुर प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। पूरा परिसर बाबा श्याम के जयकारों और भक्तिमय गीतों से गूंज उठा।



- बाबा श्याम के भक्ति रस से सराबोर हुए श्रद्धालु

उत्सव में आमंत्रित भजन गायक संदीप शर्मा, कल्याणी मित्तल और राहुल शर्मा ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। बाबा श्याम की महिमा का गुणगान करते हुए कलाकारों ने अपनी सुमधुर आवाज से श्रद्धालुओं को देर तक भक्ति रस में सराबोर रखा। भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए और बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम का आनंद लिया।आयोजन के दौरान बाबा श्याम का आकर्षक एवं भव्य दरबार विशेष रूप से सजाया गया था। श्रद्धालुओं ने दरबार में पहुंचकर दर्शन किए और सुख-समृद्धि की कामना की। धार्मिक परंपरा के अनुरूप बाबा को छप्पन भोग अर्पित किया गया। साथ ही श्याम रसोई का आयोजन कर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। श्याम सलोना परिवार के सदस्यों के सामूहिक प्रयास से आयोजित यह वार्षिक उत्सव श्रद्धा, सेवा और भक्ति का संगम बना। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुमित मित्तल, राहुल सिंघल, मनोज गोयल, विष्णु अग्रवाल, सनी अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, यश अग्रवाल, आशुतोष जिंदल, राहुल मित्तल, नवीन गोयल, अमन गर्ग, गौरव अग्रवाल, जगदीश सिंघल, मयंक गोयल सहित अन्य सक्रिय रहे। शरद पूर्णिमा की पावन रात में भजनों, दर्शन और प्रसाद के बीच श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

शरद पूर्णिमा पर जैन महिला मंडल ने किया खीर वितरण

अम्बिकापुर। शरद पूर्णिमा के अवसर पर आचार्य विद्यासागर महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमाणिक पाठशाला के बच्चों ने आचार्य के जीवन, आदर्शों एवं उनके प्रेरणादायी संदेशों पर आधारित मनमोहक प्रस्तुति दी। पाठशाला के बच्चों ने आचार्य श्री के त्याग, तप, संयम, करूणा एवं मानव कल्याण के संदेश को सुंदर ढंग से प्रस्तुत कर उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी। शरद पूर्णिमा एवं आचार्य श्री के जन्मोत्सव पर जैन महिला मंडल द्वारा खीर वितरित की गई। इस सेवा कार्य के माध्यम से मंडल ने सामाजिक समरसता, सेवा एवं परोपकार का संदेश दिया। कार्यक्रम अंतर्गत आचार्य छत्तीसी विधान का भी आयोजन किया गया जिसमें समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।





